राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–308/2023

राज्यपाल ने कर्नाटक के विजयपुरा के आलियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में बिहार के 07 मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 दिसम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कर्नाटक के विजयपुरा के आलियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी खाद्य प्रसंस्करण इकाई के गोदाम में मकई के बोरे के नीचे दब जाने से बिहार के 07 मजदूरों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....